संख्या-75/265/47-का-3-2014-9/57/2010

प्रेषक,

योगेश्वर राम मिश्र
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक
उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी
सेक्टर-डी, अलीगंज, लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-3 **लखनऊ : दिनांक : 27 मई, 2014**

विषय - सेंटर फार गुड गवर्नेन्स (सुशासन केन्द्र) उ0प्र0 हेतु मैनेजमेंट कन्सल्टेंट का स्वीकृत नि:संवर्गीय अस्थायी एक पद की वर्ष 2014-2015 में निरन्तरता के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, अकादमी के पत्रांक-J-484D-2010/1888, दिनांक 03/02/2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय शासनादेश संख्या-1338/47-का-3-2010-9/57/2010, दिनांक 09/07/2010 द्वारा उ0प्र0 प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी परिसर में स्थापित सेंटर फॉर गुड गवर्नेन्स (सुशासन केन्द्र) में मैनेजमेंट कन्सल्टेंट (वेतन बैण्ड-3-वेतनमान रू0-15600-39100, ग्रेड पे 6600) के लिए सृजित नि:संवर्गीय अस्थायी एक पद को उनकी वर्तमान सेवा शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन दिनांक 01 मार्च, 2014 से 28 फरवरी, 2015 तक यदि ये पद बिना किसी पूर्व सूचना के पहले समाप्त न कर दिया जाय, निरन्तर चलते रहने की स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- इस पद पर कार्यरत पद धारक को समय-समय पर शासन द्वारा जारी किए गये निर्देशानुसार मँहगाई भत्ता व अन्य भत्ते देय होगें।

3- उपरोक्त पद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-19 के लेखाशीर्षक-2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-003-प्रशिक्षण-800-अन्य व्यय-04-सेंटर फॉर गुड गवर्नेन्स के उपशीर्ष-31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन) मद के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशा0प0सं0-ई-5-785-दस-2014, दिनांक 21 मई, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किया जा रहा है।

भवदीय

(योगेश्वर राम मिश्र)
विशेष सचिव।

संख्या-75/265(1)/47-का-3-2014-9/57/2010, तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5, उत्तर प्रदेश शासन।
4- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन।
5- आई0टी0 एवं इलेक्ट्रांनिक्स अनुभाग-1/ 2, उत्तर प्रदेश शासन।
6- नियुक्ति अनुभाग-6 (लेखा कोष्ठक) उत्तर प्रदेश शासन।
7- अनुभागीय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से

(पी0बी0 सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in